Website : www.news12bharat.com

# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया — सच्ची बात



संस्करण : धनबाद | गुरुवार 2 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# हज यात्रियों के अच्छी व यवयस्था जिलाधिकारी द्वारा किया गया, इस वर्ष भी उससे अधिक अच्छी व व्यवस्था रहेगी - मुख्य सचिव

(न्यूज12 भारत)


गया। मुख्य सचिव, बिहार श्री ब्रजेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज गया अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के सभाकक्ष में हज भवन पटना के पदाधिकारियों, सचिव अल्पसंख्यक विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक विभाग, आयुक्त मगध प्रमंडल, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र, ज़िला पदाधिकारी गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, जिला स्तरीय विभिन्न वरीय पदाधिकारी गण, हज कमेटी गया के सम्मानित सदस्य गण के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में बताया गया कि हज यात्रा शुरुआत दिनांक 26 मई से 01 जून 2024 तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के लगभग 1083



आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। जिसमें लगभग सभी औसतम 60 से 70 वर्ष आयुवर्ग के हैं। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पर्याप्त रजाकार रहेंगे जो हज यात्रियों को सुविधा पहुंचाने में कार्य करेंगे।इस बैठक में जिलाधिकारी ने हज यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत जानकारी दी जिसमें मुख्य रुप से हज यात्रा 2024 हेतु फ्लाइट की विवरणी, समय सारणी, आवासन की व्यवस्था, नामाजगाह की व्यवस्था, वजू खाना की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सीय शिविर, नियंत्रण कक्ष एवं में आई हेल्प यू काउंटर की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था, अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, जल निकासी की व्यवस्था, फ्लैक्स एवं बैनर की व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार मुख्य सचिव बिहार को अवगत कराया है। हज यात्रा 26 मई से प्रारंभ होकर 01 जून तक निर्धारित है। फ्लाइट का प्रस्थान का समय सुबह 05:30 बजे निर्धारित है। प्रत्येक फ्लाइट में लगभग 144 हज यात्री प्रस्थान करेंगे। हीट वेब के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक प्रशिक्षण सभी हज यात्रियों को दिया जाएगा। हज यात्रियों को मेंजाइटिस, इन्फ्लूएंजा सहित अन्य आवश्यक टीकाकरण करवाया जाता है। जिससे हज में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई तबीयत खराब नहीं हो सके। विदित होगी हज में जाने वाले सभी तीर्थयात्री औसतम 60 वर्ष के ऊपर होते हैं। हज यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट की ओर से वाटरप्रूफ जर्मन पंडाल का निर्माण आवासन के लिए किया जाएगा। कुल मिलाकर 260 बेड लगाने की पूरी व्यवस्था रहेगी। इसके साथ-साथ बेडशीट गद्दा तकिया पंखा कूलर कुर्सी टेबल इत्यादि की भी मुकम्मल व्यवस्था रहेगी।

## एक नजर

### राजधानी दिल्ली ओर उत्तर प्रदेश नोएडा के स्कूलों में बम की खबर



(न्यूज12 भारत)

नई दिल्ली/राजधानी दिल्ली मे स्कूलो मे बम की खबर से प्रशासन मे हडकंप मचा हुआ है | जिसे लेकर दिल्ली पुलिस प्रशासन तहकीकात करने मे जुट गई है | तकरीबन आठ स्कूलो मे बम की खबर से पुलिस सकते मे आ गई है | ईमेल के जरिए स्कूलो मे बम की खबर आई थी वहीं सभी स्कूलो ने बच्चो को सुरक्षित वापस भेज दिया है व जो अभिभावक अपने बच्चो को स्कूल छोड़कर गए थे | उन्हे बुलाकर बच्चो को उनके परिवार वालो के सुपुर्द कर के भेज दिया गया है | पुलिस प्रशासन ने उन सभी स्कूलो को खाली करा दिया जहाँ बम होने के ईमेल भेजे गए थे | दिल्ली व नोएडा पुलिस पूरी तरह से जांच पड़ताल मे जुट गई है | जिससे पूरे तरीके से इस खबर की पुष्टि की जा सके |

### जनआशीर्वाद यात्रा पर निकले दुलू महतो ने बाबा दक्षिणेश्वरी संकट मोचन मंदिर में किया पूजा



धनबाद : जनआशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी श्री Dhullu Mahto जी सिंदरी विधानसभा अंतर्गत श्री श्री बाबा दक्षिणेश्वरी संकट मोचन मंदिर कान्डरा में आयोजित श्री श्री 108 मारुती नंदन हवनात्मक महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और अपना जनसमर्थन देते हुए ऐतिहासिक जीत का आशीर्वाद दिया मौके।

### बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से फहराया गया झंडा



(न्यूज12 भारत)

तिसरा। दुनिया के मजदूर एक हो, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम आदि नारों के साथ नॉर्थ तीसरा, कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से झंडा फहराया गया। यहां भगवान दास पासवान सचिव मनोज कुमार निषाद ने झंडा फहराया, गोलकडीह लोडिंग पॉइंट पर मासस के जिला अध्यक्ष विदा पासवान की ओर से झंडा फहराया गया कुइया में पहलाद महतो ने झंडा फहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों लोग शहीद हुए उनके खून से ही लाल झंडा का निर्माण हुआ। वहां मजदूरों से 15 से 20 घंटा काम कराया जाता था मजदूरों ने अपनी कुर्बानी देकर इस ऐतिहासिक फैसला की जीत दिलाई|

# नारी न्याय को मिलेगा नई ऊर्जा - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उसके बाद गोल्फ ग्राउंड में एक जन सभा का आयोजन किया गया।

धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर अग्रिम जीत की बढ़ाई दी।

सीता राणा ने मौके पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का नामांकन और जन सभा ऐतिहासिक



रहा। धनबाद में समर्थकों का हुजूम इस बात का गवाह बना कि लोगों को कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पर अटूट विश्वास है।

सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस का पांच न्याय जिसमे नारी न्याय भी शामिल है और नारी न्याय को नई ऊर्जा मिलेगी। धनबाद लोकसभा में महिला प्रत्याशी देकर इसकी शुरुवात हुई है और आने वाले समय में धनाब्द में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक या फिर आर्थिक । धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की बड़ी जीत दर्ज होगी और इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

मौके पर हेमंती जयसवाल , रूबी खातून, सावित्री देवी, साविया देवी, सरस्वती देवी, संतुरी देवी, कलावती देवी, सावित्री कोड़ा, बिंदु देवी, नूतन विश्वकर्मा, सुनीता निषाद, साहिना बानो, अजमेरी खातून, गीता सिंह, प्रतिमा पांडेय, आरती देवी, माधुरी कुमारी, जानकी देवी, रिंकू कुमारी, सकिला खातून, आमना खातून, जोहरन बीबी, कोरेसा खातून, बाबूदान खातून, मुस्तरी खातून, गुड़िया देवी सारो देवी, बेगम खातून, उषा यादव, हुस्ना बानो, मुस्कान सिंह, लक्ष्मी देवी, पुनम यादव, मीना बांसफोट आदि मौजूद थी।


## मजदूर दिवस पर गमछा भेंट कर मजदूरों का किया सम्मान



(न्यूज12 भारत)

गया ।मजदूर दिवस का अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था, गढ़वा द्वारा भीषण गर्मी से बचाव के लिए एवं मजदूरों की सबसे उपयोगी समाग्री गमछा एवं सत्तू पानी बोतल वितरण किया गया। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था, गढ़वा जिसका एक मात्र उद्देश्य हर वह अंतिम व्यक्ति को वह सुख सुविधाएं पहुँचना है। जिससे वह अभी तक अछूता रहा है, इसी उद्देश्य को लेकर विगत 13 वर्ष से संस्था के युवा सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शहर में अलग अलग जगहों पर पहुंचकर जरूरतमंदों को लाभ देने का कार्य करता है। साथ ही साथ कभी बच्चो के बीच पाठ्य सामग्री, तो बुजुर्गो के बीच ठंडी के दिन में कंबल धोती साड़ी आदि अन्य जरूरत की सामग्री का वितरण किया जाता आ रहा है।संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया की 1 मई को पूरे जिले के अलग अलग क्षेत्रों में काम करने जाने वाले सभी महिला एवं पुरुष मजदूरों को गमछा एवं सत्तू पानी का बोतल वितरण किया गया है। प्रतिदिन कार्य करते समय धूप में मजदूरों की सुरक्षा हो सके एवं आज की मजदूरी करते समय उनको सत्तू खाने से स्वास्थ मजबूत रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की कुंजी, प्रोफेसर आतिश पराशर




### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों पर चर्चा

(न्यूज12 भारत)

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में संचालित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा यूजीसी एमएमटी-पीपी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरका की योजना के तहत "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम" विषय पर आयोजित आठ- दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (संकाय विकास कार्यक्रम) के दूसरे दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई है | जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में ऑनलाइन माध्यम से एमएमटीटीसी के निदेशक डॉ. तरूण कुमार त्यागी की देखरेख में किया गया है |

## महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश ने गया सहित अन्य स्टेशनों का किया निरीक्षण यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का किया मुआयना



(न्यूज12 भारत)

हाजीपुर: पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा आज विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर यात्री सुविधा एव संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम गया स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक ने गया स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काऊन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया । महाप्रबंधक द्वारा यहां जारी रेल विकास से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया । इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया । महाप्रबंधक ने यहां पैनल रूम, साफ-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा बानाडाग कोल साइडिंग का भी निरीक्षण किया ।

# सीयूएसबी के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग में प्रो.जगदीश सोलंकी का एनईपी 2020 विषय पर अतिथि व्याख्यान

(न्यूज12 भारत)

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया है। जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर जगदीश सोलंकी (सेवानिवृत्त), पूर्व डीन ऑफ सोशल वर्क, एम एस यूनिवर्सिटी बड़ौदा, गुजरात ने व्याख्यान दिया है । व्याख्यान का आयोजन चाण्क्य भवन में सीयूएसबी के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर



एम विजय कुमार शर्मा की देखरेख में किया गया। औपचारिक उद्घाटन और अतिथि के अभिनंदन के बाद प्रोफेसर एम विजय कुमार शर्मा ने अतिथि वक्ता का परिचय सभागार में उपस्थित दर्शकों से कराया। व्याख्यान में विभाग के संकाय सदस्यों क्रमशः प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह झा, डॉ समापिका महापात्र, डॉ सनत कुमार शर्मा, डॉ जितेंद्र राम, डॉ प्रिया रंजन, डॉ आदित्य मोहंती, डॉ पारिजात प्रधान और डॉ हरेश नारायण पांडे के साथ और बड़ी संख्या में एमए, एमएसडब्ल्यू और पीएचडी कार्यक्रम के छात्र उपस्थित थे । प्रो.जगदीश सोलंकी ने एनईपी-2020 को शिक्षाविदों से जोड़कर अपनी बात शुरू की और कहा कि शिक्षाविद्या कभी खत्म नहीं होगी क्योंकि नालंदा विश्वविद्यालय और इसकी महिमा आज भी लोगों के मन और बातचीत में जीवंत है। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को ज्ञान प्राप्ति के साथ-साथ कौशल सीखने पर भी जोर दिया। प्रोफेसर सोलंकी ने कहा कि शिक्षाविद् समाज के पथ प्रदर्शक हैं और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम 50% ज्ञान सृजन और 40% कौशल सीखने का मिश्रण हैं, जो समकालीन उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) दुनिया की आवश्यकता है। विश्व शिक्षा प्रणाली में नया प्रतिमान काम करके सीखना है। समकालीन वैश्विक परिदृश्य में, शिक्षा मानव जीवन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह जीवन को परस्पर निर्भरता और सह-अस्तित्व बनाने में मदद करती है। यह मनुष्य को नागरिक भी बनाता है अन्यथा हम मवेशियों के समान हैं। हमें प्रकृति के नियम के रूप में परस्पर निर्भरता और सह-अस्तित्व को चित्रित करने में सावधान रहना होगा, लेकिन कम-निर्भरता या अति-निर्भरता नहीं होना चाहिए, जो शिक्षा हमें देती है।

## संस्था के पहल पर पश्चिम बंगाल दुर्गापुर में जरूरतमंद महिला को उपलब्ध कराया गया रक्त



(न्यूज12 भारत)

दुर्गापुर: पश्चिम बंगाल, दुर्गापुर के गौरी देवी अस्पताल में ईलाजरत झारखंड धनबाद की रहने वाली मरीज कौशिलवा कुमारी को पथरी हो जाने के कारण डॉक्टर ने ऑपरेशन करने को कहा और इसके लिए तत्काल 2 यूनिट एबी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा एक यूनिट रक्त संस्था के पहल पर तत्काल उपलब्ध करा दी गई जिसे संस्था के सदस्य धनबाद लोयाबाद के रहने वाले रक्तवीर गणेश महतो ने रक्तदान पूरा किया, दूसरे राज्य से होने के कारण मरीज के परिजन रक्त व्यवस्था कर पाने में असमर्थ थे ।